दिनांक : 25.04.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

..

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से देश को करेंगे संबोधित ।
- देश के विभिन्न स्थानों पर कल आयोजित होगा रोजगार मेला, भोपाल में कृषि मंत्री शिवराज सिंह बांटेंगे नियुक्ति पत्र ।
- पहलगाम मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की सभी मुख्यमंत्रियों से बात ।
- अनूपपुर जिले में पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए शुरू की ट्रैफिक मित्र योजना ।

अब समाचार विस्तार से–

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 27 अप्रैल को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से देश को संबोधित करेगें। हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की यह 121वीं कड़ी होगी। प्रधानमंत्री मोदी आमतौर पर हर माह आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे रेडियो के माध्यम से देशवासियों से मन की बात करते हैं। इसे आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर सुना जा सकेगा ।

**गृह मंत्री- पाक नागरिक**

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द करने के एक दिन बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और उनसे अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा। सूत्रों ने बताया कि श्री शाह ने मुख्यमंत्रियों

से कहा कि वे पाकिस्तान को उनकी शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं। गृह मंत्री आज नई दिल्ली में सिंधु जल संधि के संबंध में एक बैठक भी कर रहे हैं । भारत ने आतंकी हमले के मद्देनजर सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है।

**मेडिकल वैल्यू ट्रैवल कॉन्फ्रेंस**

आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि भारत अब उपचार और चिकित्सा पर्यटन के लिए सबसे अधिक मांग वाले गंतव्यों में से एक के रूप में उभरा है। नई दिल्ली में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल कॉन्फ्रेंस और अवार्ड्स को संबोधित करते हुए श्री जाधव ने कहा कि भारत का लक्ष्य न केवल विरासत या आध्यात्मिकता में बल्कि चिकित्सा पर्यटन में भी अग्रणी बनना है। उन्होंने कहा कि भारत को अब किफायती और विश्वसनीय उपचार के केंद्र के रूप में देखा जाता है।

**कश्मीर : राहुल गांधी यात्रा**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा घोषित कदमों के प्रति पार्टी का समर्थन दोहराया है। इससे पहले, आज उन्होंने पहलगाम हमले में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल लिया।

**विश्व मलेरिया दिवस**

आज विश्व मलेरिया दिवस है। मलेरिया के बारे में जागरूकता बढाने और इस रोग पर नियंत्रण, रोकथाम तथा इसे पूर्णरूप से समाप्त करने संबंधी उपायों को बढावा देने के लिए यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर वर्ष मनाया जाता है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- एम्स के चिकित्सा विभाग के डॉ. पीयूष रंजन ने बताया की इस बीमारी से बचने के लिए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कहीं भी आस-पास पानी जमा ना हो।

**मुख्यमंत्री विक्रम उद्योगपुरी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया

जाए। उज्जैन में आईटी पार्क के द्वितीय चरण का कार्य समय सीमा निर्धारित कर पीपीपी मोड पर तत्काल आरंभ किया जाए। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक में आज ये निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने ऋणों की वसूली की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की।

**रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री रोजगार मेला का आयोजन कल देश के विभिन्न स्थानों पर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 9 बजे इस मेले को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। भोपाल के न्यू मार्केट स्थित समन्वय भवन में भी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करीब 300 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

**आईपीएल क्रिकेट**

आईपीएल में आज शाम चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। दोनों टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे हैं, दोनों ने अपने पहले आठ मैचों में से सिर्फ दो-दो में जीत हासिल की है। इससे पहले कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रनों से हरा दिया था।

**क्लाइंट मीट 2025**

आकाशवाणी भोपाल की विज्ञापन प्रसारण सेवा द्वारा आज आकाशवानी दूरदर्शन के विज्ञापनदाता और एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम "क्लाइंट मीट 2025" का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम में विभिन्न केन्द्रों के कार्यक्रम प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विजय अग्रवाल ने आकाशवाणी को विश्वसनीय माध्यम बताया.

**बाइट: विजय अग्रवाल**

इस कार्यक्रम में आकाशवाणी के व्यावसायिक और प्राईवेट पार्टनरशिप आधारित कार्यक्रमों, विज्ञापनों का स्वरूप, राजस्व लक्ष्य और साथ ही आकाशवाणी प्रचार

प्रसार गाइडलाईन के संदर्भ में कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में चर्चा की गयी ।

**ई-परिवहन सेवा**

प्रदेश के परिवहन कार्यालयों में सेवाओं के लिये निर्धारित शुल्क एवं वाहनों के मोटरयान कर ऑनलाइन की जमा करने की व्यवस्था कर दी गई है। इस व्यवस्था के शुरू हो जाने के बाद से परिवहन कार्यालयों में नकद राशि जमा करने की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अन्य प्रांतों से प्रदेश में आने वाले अथवा प्रदेश से गुजरने वाले वाहनों को मध्यप्रदेश मोटरयान कर ऑनलाइन जमा कराने के लिये एनआईसी के ई-चेक पोस्ट पोर्टल पर उपयोग किया जाना भी प्रारंभ किया जा चुका है।

**ईएसआईसी - कर्मचारी**

केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष फरवरी में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 15 लाख 43 हजार नए कर्मचारियों को जोड़ा गया है। मंत्रालय ने कहा कि कुल कर्मचारियों में से सात लाख 36 हजार कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के आंकड़ों के अनुसार फरवरी महीने में 23 हजार से अधिक नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है।

अनूपपुर ट्रैफिक मित्र

अनूपपुर जिले में पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए नवाचार करते हुए ट्रैफिक मित्र योजना का शुभारंभ किया है । फिलहाल 26 युवाओं को ट्रैफिक मित्र बनाया गया है । ये युवा यातायात व्यवस्था के साथ सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने जैसे दायित्व निभाएंगे. पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने ट्रैफिक मित्रों किट देकर यह योजना लागू की है. उन्होंने बताया कि अब युवा भी अनूपपुर पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे।

**समाचार संक्षेप में .....**

- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध भोपाल में लगातार जारी है। भोपाल में आज मुस्लिम समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर आतंकवाद का पुतला दहन किया।
- **पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आज सीहोर जिला बंद रखा गया है। शहर के मुख्य बाजार सहित गली मोहल्ले में भी स्थित दुकान भी पूरी तरह बंद है।**
- खरगोन जिला मुख्यालय पर आज जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने आतंकवाद का पुतला फूंक कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।
- अशोकनगर में नरवाई जलाने वाले किसानों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है आज जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 23 किसानों के विरुद्ध 1 लाख 62 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।
- लोकायुक्त रीवा ने शहडोल जिले में ग्राम पंचायत छुदा के रोजगार सहायक चंद्र प्रकाश गुप्ता को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया है।
- बैतूल जिले में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टन सुमित सिंह ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 28 अप्रैल को जनपद पंचायत आठनेर एवं 29 अप्रैल को जनपद पंचायत चिचोली में आयोजित की गई है।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर ने अक्षय तृतीया एवं बसंत पंचमी पर होने वाले बाल विवाह रोकथाम के लिए निगरानी दलों का गठन किया गया है।
- खंडवा में आज विश्व मलेरिया दिवस पर जिला व ग्राम स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियां आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत द्वारा जन-जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया.
- नीमच में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान आरंभ किया गया है।
- ग्वालियर रेलवे स्टेशन के पुराने वीवीआईपी लाउंज में दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि रेलवे प्रशासन ने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

**इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।**

---